❖ सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए व उत्तर दीजिए |

| | | |
|---|---|---|
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कविता के आधार पर दिए गए विकल्पों में से चयन करके दीजिए \|** | |
| 1 | विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,<br>मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।<br>हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,<br>मारा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।<br>वही पशु- प्रवृति है कि आप आप ही चरे,<br>वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।। | |
| | | |
| 2- | चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,<br><br>विपत्ति,विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।<br>घटे न हेल-मेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,<br>अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।<br>तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,<br>वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।। | |
| 1 | **प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने किससे नहीं डरने को कहा है?**<br>जन्म से<br>रात्रि से<br>मृत्यु से<br>भूल से | 1 |
| 2 | **प्रस्तुत काव्य पद के कवि का नाम बताइए \|**<br>भारतेंदु हरिश्चंद्र<br>बालकृष्ण भट्ट<br>राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त | 1 |

LIVEWORKSHEETS

| | | |
|---|---|---|
| | बद्री नारायण चौधरी प्रेम घन | |
| 3 | **प्रस्तुत काव्य पद की केंद्रीय पंक्ति क्या है ?**<br>चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए<br>विचार लो कि मृत्यु हो न मृत्यु से डरो कभी<br>वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे<br>वही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही करें | 1 |
| 4 | **पशु प्रवृत्ति क्या होती है ?**<br>केवल अपने लिए चरे<br>दूसरों के लिए छोड़ दें<br>दूसरों से प्यार करें<br>दूसरों के लिए जिए | 1 |
| 5 | **सुमृत्यु का क्या अर्थ है ?**<br>बेकार मृत्यु<br>सुंदर मृत्यु<br>बुरी मृत्यु<br>इनमें से कोई नहीं | 1 |
| 6 | **अभीष्ट मार्ग पर कवि किस प्रकार चलने के लिए कहता है ?**<br>रोते हुए<br>सहर्ष खेलते हुए<br>दौड़ते हुए<br>सोते हुए | 1 |
| 7 | कवि के अनुसार असली मनुष्य के लक्षण किसमें हैं ?<br>वह मनुष्य जो केवल अपने बारे में सोचें<br>वह मनुष्य जो दूसरे मनुष्य से दूर भागे<br>वह मनुष्य जो दूसरे मनुष्य के लिए मरे और जिए<br>वह मनुष्य जो दूसरे मनुष्य से घृणा करें | 1 |
| 8 | कवि किसको ढकेलते हुए आगे बढ़ने की बात करता है ?<br>जीवन में आने वाले सुखों को<br>जीवन में आने वाली समृद्धि को<br>जीवन में आने वाली चुनौतियों और समस्याओं को<br>जीवन में आने वाले व्यक्तियों को | 1 |
| 9 | आधुनिक युग का तुलसी किस कवि को माना जाता है ?<br>भारतेंदु हरिश्चंद्र को | 1 |

LIVEWORKSHEETS

| | | |
|---|---|---|
| | मैथिलीशरण गुप्त को<br>बालकृष्ण भट्ट को<br>बद्रीनारायण चौधरी प्रेमघन को | |
| 10 | चिरगांव को किस साहित्यकार का जन्म स्थल माना जाता है ?<br>बालकृष्ण भट्ट का<br>मैथिलीशरण गुप्त का<br>भारतेंदु हरिश्चंद्र का<br>महादेवी वर्मा का | 1 |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चयन करके दीजिए \| (रचना के आधार पर वाक्य)** | |
| | (व्याकरण ) | |
| 1- | **दीपक जला और अंधेरा नष्ट हुआ \|**<br>क) संयुक्त<br>ख) संकेत वाचक<br>ग) विधान वाचक<br>घ) मिश्र | 1 |
| 2- | **जब तक तम जाओगे नहीं तब तक वह नहीं आएगा \|**<br>क) संयुक्त<br>ख) सरल<br>ग) मिश्रित<br>घ) तीनों में से कोई नहीं | 1 |
| 3- | **मुसीबत आ जाए तो भागना उचित नहीं \|**<br>क) संयुक्त | 1 |

LIVEWORKSHEETS

| | | |
|---|---|---|
| | ख) सरल<br><br>ग) मिश्र<br><br>घ) आज्ञार्थक | |
| 4- | **विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे।**<br><br>क) इच्छा वाचक<br><br>ख) सरल<br><br>ग) मिश्रित<br><br>घ) संयुक्त | 1 |
| 5- | **जो कलम तुम्हारे पास है वह मेरी है \|**<br><br>क) मिश्रित<br><br>ख) सरल<br><br>ग) संयुक्त<br><br>घ) विस्मयादिबोधक | 1 |
| 6- | **मैंने उसे उठाया और खाना खिलाया \|**<br><br>क) सरल<br><br>ख) संयुक्त<br><br>ग) मिश्रित<br><br>घ) आज्ञावाचक | 1 |
| 7- | **उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं?** | 1 |

LIVEWORKSHEETS

| | | |
|---|---|---|
| | क) तीन<br><br>ख) चार<br><br>ग) दो<br><br>घ) पाँच | |
| 8- | **'मैं जानती था कि सुमन जरूर नृत्य करेगी ' वाक्य में कौन उपवाक्य है?**<br><br>क) विशेषण उपवाक्य<br><br>ख) क्रिया-विशेषण उपवाक्य<br><br>ग) सर्वनाम उपवाक्य<br><br>घ) संज्ञा उपवाक्य | 1 |
| 9- | **रचना या बनावट की दृष्टि से कौन वाक्य का भेद नहीं है?**<br><br>क) सरल वाक्य<br><br>ख ) मिश्र वाक्य<br><br>ग) समूह वाक्य<br><br>घ) संयुक्त वाक्य | 1 |
| 10- | **जब शाम हो  तब लौट आना' सरल वाक्य में बदलिए।**<br><br>क) शाम होते ही घर आ जाना<br><br>ख) शाम में लौट आना<br><br>ग) जैसे ही शाम हो वैसे ही लौट आना<br><br>घ) उपर्युक्त कोई नहीं | 1 |

LIVEWORKSHEETS